तापमान
अधिकतम 38.7 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

12 महिलाओं को पिंक टॉयलेट कृषि भूमि को टैक्स में राहत



12 डेमो के माध्यम से ईवीएम मशीन पर दी जानकरी ...



## खबर संक्षेप

### युवक का रास्ता रोककर की मारपीट, केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव शाहपुर 302 में रंजिश के चलते युवक आशीष के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत के अनुसार आशीष का कुछ दिन पहले गुरदीप सिंह से विवाद हुआ था, जिसे ग्रामीणों ने शांत करवा दिया था, लेकिन आरोपी रंजिश रखने लगे। 25 अप्रैल रात करीब 10 बजे आशीष को गांव में गुरदीप सिंह और उसके साथी गौरव शर्मा ने रास्ते में रोककर मारपीट की और जाति सूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजपूत समाज पर अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** फेसबुक पर आईडी बनाकर राजपूत समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला रणजीत गार्डन निवासी कपिल राणा की शिकायत पर दर्ज किया है। कपिल राणा साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि अज्ञात द्वारा फेसबुक पर अनुज रानी व बबीता मनुवादीचार्य व नूतन कुमारी के नाम से फेसबुक पर आईडी बनाई हुई है। उस आईडी के माध्यम से फेसबुक पर राजपूत समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। जिससे समाज की छवि धूमिल हुई है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से मिस्त्री की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की परढाना रोड पर 49 वर्षीय साइकिल सवार राजेश शर्मा पुत्र राम सिंह शर्मा निवासी गांव इसराना की ट्रैक्टर की टक्कर लगने से मौत हो गई। राजेश, गवर्नमेंट कॉलेज के सामने टायर पंक्चर की दुकान चलाता था। इधर, इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजेश का शव उसके परिजनों को सौंप कर आरोपी चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपतः अफीम के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने स्कूटी सवार नशा तस्कर रणधीर उर्फ सोनू पुत्र हुकमचंद निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 204 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ सतपाल की मौजूदगी में आरोपी से अफीम बरामद की है। वहीं, रणधीर पर थाना पुराना औद्योगिक में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। जबकि उसे कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है, पुलिस आरोपी के साथियों की उससे जानकारी लेकर पकड़ने का प्रयास करेगी।

### हेरोइन तस्करी में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ़ पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नारायणगढ़कालाअंब हाईवे से 17 ग्राम 03 मिलिग्राम हेराइन तस्करी मामले में आरोपी मुकेश कुमार व विनोद कुमार को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बतलाया था कि इस मामले में आरोपी अंकुश भी शामिल हैं। थाना नारायणगढ़ में दर्ज मादक पदार्थो की तस्करी मामले में 28 अप्रैल 2026 को पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी अंकुश को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों का पता लगाया जा सके।

## प्रैक्टिकल अंक घटने से 'लर्निंग बाय डूइंग' की प्रवृत्ति पर पड़ सकता है असर

# हरियाणा बोर्ड का बड़ा फैसलाः दसवीं में विज्ञान की परीक्षा अब 80 अंकों की, प्रैक्टिकल-इंटरनल असेसमेंट में की गई कटौती

- बोर्ड का यह कदम परीक्षा प्रणाली में एकरूपता लाने के उद्देश्य से उठाया गया : शिक्षाविद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से सैकेंडरी स्तर पर कक्षा नौवीं तथा दसवीं के विज्ञान विषय की अंक वितरण प्रणाली में व्यापक बदलाव लागू कर दिए है। बोर्ड सचिव द्वारा जारी आधिकारिक आदेशों के अनुसार अब विज्ञान विषय की लिखित परीक्षा 80 अंकों की होगी। वहीं प्रयोगात्मक परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन को घटाकर 10-10 अंक निर्धारित कर दिया गया है। बोर्ड के इस फैसले से राज्य के लाखों विद्यार्थी प्रभावित होंगे। पहले जहां विज्ञान विषय में कुल 40 अंक प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन के हिस्से में थे अब यह घटकर मात्र 20 अंक रह गए है। शिक्षाविदों का मानना है कि बोर्ड का यह कदम परीक्षा प्रणाली में एकरूपता लाने के उद्देश्य से उठाया गया है ताकि हिंदी, अंग्रेजी और गणित जैसे विषयों के साथ इसका पैटर्न मेल खा सके।

### विद्यार्थियों और शिक्षकों पर असर

स्कूलों में कार्यरत विज्ञान शिक्षकों का कहना है कि 80 अंकों की लिखित परीक्षा का अर्थ है कि छात्र अब केवल चुनिंदा पाठों के बजाय पूरे पाठ्यक्रम की गहरी समझ विकसित करेंगे। कक्षा में अब विषय की अवधारणाओं पर अधिक जोर दिया जाएगा। हालांकि प्रैक्टिकल के अंक कम होने से प्रयोगशालाओं में विद्यार्थियों की सक्रियता कम होने की चिंता भी जताई जा रही है।

### आंतरिक मूल्यांकन का नया स्वरूप

नए नियमों के अनुसार अब 10 अंकों का मूल्यांकन एक ही परीक्षा पर आधारित न होकर विभिन्न चरणों में किया जाएगा। इसमें सेट परीक्षा, अर्धवार्षिक और प्री-बोर्ड परीक्षाओं का निर्धारित भारांक शामिल होगा।इसके साथ ही विद्यार्थियों की कक्षा में सक्रिय भागीदारी, व्यवहारिक प्रदर्शन और नियमित उपस्थिति को भी अंक देने का आधार बनाया गया है। बोर्ड का उद्देश्य है कि छात्र केवल अंतिम परीक्षा पर निर्भर न रहें, बल्कि पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान निरंतर अध्ययन करते रहें।

### छात्रों के लिए क्या है बदलाव

अब उत्तीर्ण होने के लिए छात्रों को लिखित, प्रयोगात्मक और आंतरिक मूल्यांकन के कुल योग में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि संशोधित पाठ्यक्रम और प्रश्न-पत्र का डिजाइन आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। सभी स्कूलों के मुखियाओं और शिक्षकों को निर्देश दिए गए है कि वे विद्यार्थियों को इसी के अनुरूप आगामी सत्र की तैयारी करवाएं।

### छात्रों को अनुशासित और प्रतिस्पर्धी बनाएगा

शिक्षा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि यह बदलाव छात्रों को अधिक अनुशासित और प्रतिस्पर्धी बनाएगा। हालांकि प्रयोगों की महत्ता को देखते हुए शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रयोगशाला में काम करने की गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो, भले ही उसके अंक कम कर दिए गए हों। बोर्ड का यह निर्णय शिक्षा प्रणाली को अधिक मानकीकृत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### प्रैक्टिकल के अंक कम होने का प्रभाव

कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि विज्ञान केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि प्रयोगों का विषय है। प्रैक्टिकल के अंकों में कमी से विद्यार्थियों में लर्निंग बाय डूइंग की प्रवृत्ति कम हो सकती है। पहले 20 अंकों के प्रैक्टिकल के लिए विद्यार्थियों को गहन प्रयोगात्मक कार्य करना पड़ता था। 10 अंक होने से हो सकता है कि विद्यालयों में प्रयोगशालाओं के उपयोग में कमी आए और इसे केवल एक औपचारिकता मान लिया जाए। लेकिन बोर्ड ने वितरण प्रणाली में प्रयोगों को लगभग ज्यों का त्यों रखा है।

## स्पीकर हरविन्द्र कल्याण के साथ बैठक के बाद किसानों ने लिया फैसला

## रिंग रोड के साथ बनेगी सर्विस लेन

# रिंग रोड निर्माण को मिली मंजूरी, चार माह बाद खत्म हुआ किसानों का धरना

- जनसुनवाई में सुनी गई समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

क्षेत्र के किसानों के धरने के कारण करीब चार महीने से बंद रिंग रोड का निर्माण कार्य अब फिर से शुरू होने जा रहा है। यह विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के प्रयासों से संभव हो पाया है। रिंग रोड के साथ सर्विस लेन के निर्माण को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने मंजूरी दे दी है। आज किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने कल्याण के साथ बैठक कर उनका आभार जताया और धरना समाप्त करने की घोषणा की। अब सर्विस रोड के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। स्थानीय चीनी मिल रेस्ट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम से पहले संगठनों के प्रतिनिधियों की विधानसभा अध्यक्ष के साथ बैठक हुई। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा और चीनी मिल एमडी अदिति भी मौजूद रहीं। कल्याण ने कहा कि विकास कार्यों और बड़ी परियोजनाओं में कई प्रकार की दिक्कतें आती हैं कभी नीतियों तो कभी नियमों के कारण जिनका समाधान करने में समय लगता है। उन्होंने बताया कि रिंग रोड निर्माण के दौरान किसानों की अधिकांश समस्याओं का प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों के साथ मिलकर समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रिंग रोड बनने से आसपास की जमीन के दाम बढ़ेंगे, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।



**घरौंडा।** किसानों के चर्चा करते विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण।

### अब शुरू होगी जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि रिंग रोड के साथ सर्विस लेन बनाने की मंजूरी मिल चुकी है और अब इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सर्विस रोड को मोटर वाहन चलाने योग्य बनाया जाएगा, ताकि रिंग रोड से सटी जमीन वाले किसानों को कोई परेशानी न हो।

### मनोहर लाल और सैनी का जताया आभार

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। मेडिकल यूनिवर्सिटी, रिंग रोड, एनसीसी अकादमी, उद्यान विश्वविद्यालय और चीनी मिल जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है।

### जनहित से जुड़ा है रिंग रोड प्रोजेक्ट

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि रिंग रोड एक जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जिसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इससे क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी और यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी।

### हरविन्द्र कल्याण ने दो घंटे तक जनसुनवाई की

बैठक के बाद हरविन्द्र कल्याण ने करीब दो घंटे तक जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही चीनी मिल विश्राम गृह पहुंच गए थे। इस मौके पर भाकियू (रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष रतन सिंह मान ने किसानों की मांग पूरी होने पर स्पीकर और सरकार का आभार जताया।

## कुरुक्षेत्र में कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में राज्य मंत्री राजेश नागर की सख्ती

# सड़क निर्माण में लापरवाही, ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा/कुरुक्षेत्र

राज्य मंत्री राजेश नागर ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। सरपंच व ग्रामीणों की शिकायत पर सुनवाई करते हुए उन्होंने तंगोर गांव की ओर जाने वाली करीब 200 मीटर सड़क को बरसात से पहले ऊंचा उठाकर जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पिछले 7-8 वर्षों से इस सड़क का निर्माण कार्य लंबित रहने के मामले की जांच की जाए और इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाए। बैठक के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी और कमेटी सदस्य रविंद्र सांगवान ने ठोल-झांसा सड़क निर्माण में देरी और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का मुद्दा उठाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन से जवाब तलब किया और संबंधित एजेंसी को तुरंत प्रभाव से ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही एजेंसी की करीब दो करोड़ रुपये की अर्नेस्ट मनी को नई सड़क के निर्माण में उपयोग करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए मंत्री ने डीएफएससी को निर्देश दिए कि मामले को गंभीरता से लेते हुए 7 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ित को शीघ्र न्याय मिल सके।



राजेश नागर

### खाद्य आपूर्ति विभाग के मामले में 7 दिन में रिपोर्ट तलब

एक अन्य मामले में लाडवा निवासी सोनू नारंग की शिकायत पर सुनवाई करते हुए मंत्री राजेश नागर ने खाद्य आपूर्ति विभाग के दो इंस्पेक्टरों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके शिकायतकर्ता को अभी तक संतोषजनक न्याय नहीं मिला है।

### पानीपतः बाइक बुलेट से फायर स्टंट करने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने बुलेट बाइक से फायर स्टंट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों वंश निवासी तेज कालोनी व समीर निवासी माईजी कालोनी को को गिरफ्तार किया। सोशल मीडिया पर श्री देवी मंदिर के पास दोनों का स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था। वहीं, इस मामले में थाना शहर में सिक्योरिटी एजेंट एएसआई कर्मबीर ने शिकायत पर केस दर्ज है। आरोपी बुलेट बाइक पर बैठकर रेस देकर साइलेंसर से पटाखे फोड़ रहा है, उसका साथी लकड़ी के डंडे पर कपड़ा बांधकर उसमें आग लगाकर उसे बुलेट के साइलेंसर के सामने कर रहा है। बुलेट बाइक के साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकलते ही आग भड़क रही है। दोनों युवक आग से लापरवाही करके मानव जीवन को खतरे में पहुंचा रहे है।

### ट्रेनों में चला टिकट चेकिंग अभियान 1.36 लाख जुर्माना वसूला

**अंबाला।** उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के वाणिज्य विभाग की ओर से एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया है। सहायक वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान बिना टिकट और अनियमित तरीके से यात्रा कर रहे यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई कर 1.36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। स्टेशनों और ट्रेनों में चली चेकिंग में 267 पर केस दर्ज किए गए हैं। अभियान के तहत अंबाला छावनी, सहारनपुर, यमुनानगर-जगाधरी और लालड़ू रेलवे स्टेशनों पर टिकट जांच स्टाफ की टीमें तैनात रहीं। इसके अलावा विभिन्न रूटों पर चलने वाली ट्रेनों के भीतर भी सघन चेकिंग की गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन यात्रियों को असुविधा से बचाना है जो नियमित रूप से टिकट लेकर यात्रा करते हैं। दिनभर चले इस अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ ने 267 मामले दर्ज किए। पकड़े गए यात्रियों से जुर्माने के रूप में 1,36,105 रुपये का राजस्व वसूला। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक यशनजीत सिंह ने बताया कि मंडल भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रखेगा।

**यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने की दी गई हिदायत**

### तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** नेशनल हाईवे 344 पर गांव रोड छप्पर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जैन कॉलोनी कैंप निवासी सुनील कुमार ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित उत्तर प्रदेश के देवगांव मठिया निवासी 45 वर्षीय रामसहाय 27 अप्रैल को दोपहर ढाई बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव रोड छप्पर के पास हाईवे क्रॉस करने लगा तो तेज गति से आ रही कार ने रामसहाय को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रुकने के बाद वहां से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल राम सहाय को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## फ्लाईओवर हादसे में बुलेट सवार युवती की मौत, डॉक्टर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बलदेव नगर फ्लाईओवर पर देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बुलेट सवार युवती की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा इंटर्न डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।पुलिस के अनुसार डॉ. राम प्रकाश (25), निवासी सफीदों (जींद), एमएम अस्पताल सद्दोपुर में इंटर्नशिप कर रहे हैं। 28 अप्रैल की रात करीब 8:15 बजे वे अपनी दोस्त हिमांगी (26), निवासी फरीदाबाद, के साथ जग्गी सिटी सेंटर जा रहे थे। जैसे ही दोनों बलदेव नगर फ्लाईओवर स्थित काली माता मंदिर के पास पहुंचे, पीछे से आए वाहन ने बुलेट को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही डॉक्टर सड़क पर गिर गए, जबकि पीछे बैठी हिमांगी करीब 15 फीट नीचे फ्लाईओवर से गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में डॉ. राम प्रकाश के सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद न्यूरो आईसीयू में भर्ती किया गया है।बलदेव नगर पुलिस ने घायल डॉक्टर के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार है।

## आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मिल रही बेहतर तैयारी और सुविधाएं

*जेईई एडवांस में 235 छात्रों ने किया क्वालीफाई*

# सुपर-100 से चमके सरकारी स्कूलों के छात्र, 99% से अधिक अंक लाने वाले 16 विद्यार्थी सम्मानितः ढांडा

- सुपर-100 योजना ने बदली सरकारी स्कूलों की छवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश की 'बुनियाद' और 'सुपर-100' योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।वे बुधवार को सरकार और विकल्प फाउंडेशन द्वारा संचालित हरियाणा सुपर-100 परिसर, बारना में आयोजित 'यशोदीप सम्मान समारोह' में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने जेईई एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस में 89 प्रतिशत सफलता दर हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश के किसी भी सरकारी या निजी संस्थान के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सुपर-100 जैसी पहल ने सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों की सोच को सकारात्मक रूप से बदला है।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, एसडीएम अमन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, सरपंच एसोसिएशन प्रधान जितेंद्र खैरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।फोटो परिचयःकुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।




**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटोः हरिभूमि

### कमजोर वर्ग के विद्यार्थी योजना का उठा रहे लाभ

कुल 235 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें 16 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक, 35 ने 98 प्रतिशत से अधिक, 57 ने 97 प्रतिशत से अधिक और 85 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।महिपाल ढांडा ने कहा कि सुपर-100 परिसर में जो भी सुविधाओं की कमी है, उन्हें जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण जो विद्यार्थी पहले उच्च शिक्षा की तैयारी नहीं कर पाते थे, अब वे भी इन योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं।

# एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल ने बाइक चोर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने शहर के बाड़ी माजरा में नाकाबंदी के दौरान से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को लेकर बाड़ी माजरा पुल होता हुआ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई हुसन, मुख्य सिपाही हरबिलास, रणधीर सिंह, जितेंद्र, संदीप, योगेश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक 13 अप्रैल को सिविल अस्पताल यमुनानगर के नजदीक से चोरी की थी। पूछताछ में आरोपी की पहचान मॉडल कॉलोनी निवासी तरुण ओबेरॉय के नाम से हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी पर पहले भी चोरी के करीब 11 मुकदमे दर्ज है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।



**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया बाइक चोर।

## सरस्वती शुगर मिल पर गन्ने के 7 करोड़ रुपये का भुगतान बकाया

# किसानों की रकम दबाए बैठी है मिल सब्सिडी न मिलने का दे रही हवाला

**भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सरकार से की किसानों को जल्द रकम दिलवाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सरस्वती शुगर मिल में किसानों का करीब सात करोड़ रुपये का भुगतान बकाया होने से किसानों में रोष है। भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) ने सरकार से गन्ना किसानों का बकाया पड़े भुगतान को शीघ्र दिलवाए जाने की मांग की है।



यमुनानगर। रादौर में मीडिया से बातचीत करते भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर व अन्य किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

भाकियू (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर ने बताया कि स्थानीय सरस्वती शुगर मिल में गन्ना पेराई का कार्य करीब दो महीने पहले बंद हो चुका है। मगर अभी तक किसानों को गन्ना का बकाया भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन जल्द ही गन्ना के बकाया भुगतान को लेकर पहले हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा से मिलेंगे। यदि उसके बाद भी किसानो की पेमेंट नहीं हुई तो शुगर मिल पर धरना दिया जाएगा। भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर ने बताया कि जब बकाया भुगतान को लेकर शुगर मिल के अधिकारियों से बात की जाती है तो वह सरकार द्वारा सब्सिडी का हवाला देकर किसानों को मना कर देते हैं। मिल अधिकारियों का कहना है कि सरकर द्वारा सब्सिडी नहीं दिए जाने के कारण किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हो रहा है। जबकि किसानो ने गन्ना मिल में डाला हुआ है और इससे किसानों को सब्सिडी से कोई मतलब नहीं है। किसानों को अपने गन्ने का भुगतान चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसान के प्रति ठीक नहीं है। अभी तक किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं हुआ। मुख्यमंत्री झूठ बोलकर वाहवाही लूट रहे हैं। भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर ने कहा कि अनाज मंडियों में किसान गेहूं लेकर गया तो बायोमेट्रिक प्रणाली लगाकर किसानों के साथ मजाक किया है। मंडियो मे गेहूं बेचने को लेकर बड़ी बड़ी लाइनो मे लगकर किसानो ने कई घंटे इंतजार करना पडा। आज किसान को अपना अनाज बेचने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पडता है। आने वाले समय में सरकार की मंशा मंडियों को बंद करना और किसानों को बरबाद करने की स्कीम है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर भाकियू के जिला उपाध्यक्ष यादविंद्र कांबोज व महासचिव नरेश मोहडी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### ट्रैफिक लाइटें खराब होने से नागरिकों में रोष

**रादौर।** नगरपालिका द्वारा रादौर के बुबका चौक पर करीब एक महीने पहले लगवाई गई ट्रैफिक लाइटें टूटकर नीचे लटकने से खराब हो गई हैं। जिनकी वजह से यातायात के सुचारू नहीं होने से लोग प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने सरकार व जिला प्रशासन से बुबका चौक पर खराब पड़ी ट्रैफिक लाइटों को ठीक करवाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी सुखदेव सिंह, अमित कुमार, कुलदीप व अमन कुमार आदि ने बताया कि कुछ दिन पहले रादौर बुबका चौंक पर नगरपालिका द्वारा ट्रैफिक लाइटें लगवाई गई थी। जो टूटकर नीचे लटकने से खराब हो गई हैं।

### पौष्टिक भोजन बच्चों के विकास के लिए जरूरी

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य ही धन है, इसी विचार को कार्य रूप देने के लिए पौष्टिक सलाद बनाओ व थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही एक और प्रतियोगिता क्राफ्ट से चीजे बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने बहुत ही खूबसूरती और कुशलता के साथ विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियों के साथ अपनी सलाद थाली को सजाया। विद्यार्थियों ने क्राफ्ट प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया और आकर्षक वस्तुओं का निर्माण किया। विद्यालय संरक्षक मधु गुप्ता ने पौष्टिक थाली सजाओ प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सजावट का महत्व बताना है।



## जन संवाद पोर्टल के माध्यम से हो रहा जनता की समस्याओं का समाधान

**यमुनानगर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव कमलेश कुमार भादू ने जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन संवाद, सीएम विंडो में प्राप्त शिकायतों के निपटान को लेकर थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के उद्देश्य से जन संवाद पोर्टल के माध्यम से समाधान किया जा रहा है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव कमलेश कुमार भादू ने जन संवाद, सीएम विंडो को लेकर दिशा.निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा प्राप्त हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाए तथा समयबद्ध ढंग से उसका समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जन संवाद पोर्टल पर जिला यमुनानगर की शिकायत शून्य होने पर नगराधीश पीयूष गुप्ता के कार्यप्रणाली की सराहना की। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि सभी विभाग सीएम विंडो, जन संवाद की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर डीआईओ विनय गुलाटी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## भंभौली बस अड्डे का नाम श्री गुरु तेगबहादुर के नाम पर रखने की मांग

**यमुनानगर।** सिख समुदाय के प्रतिनिधियों की बुधवार को जिला सचिवालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। मौके पर सिख समाज के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त प्रीति के समक्ष भंभौली बस अड्डे का नाम श्री गुरु तेग बहादुर के नाम रखे जाने व युवा वर्ग में फैल रहे नशा पर अंकुश लगाए जाने समेत अन्य मुद्धों पर बातचीत की। इस दौरान मौके पर प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भम्भौली गुरुद्वारा के संत बाबा जसदीप सिंह ने किया। भंभौली गुरुद्वारा के संत बाबा जसदीप सिंह ने कहा कि आज समाज में अधिकांश युवा वर्ग नशा की चपेट में है। जिस पर अंकुश लगाया जाना बेहद जरुरी है। उन्होंने उपायुक्त प्रीति के समक्ष भंभौली अड्डे का नाम गुरूतेग बहादुर के नाम पर किए जाने व मेहलावाली गुरु घर के पास नाले को ढकवाने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मौके पर उपायुक्त प्रीति ने सिख समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा रखी गई मांगों के बारे में सहानुभूतिपूर्वक विचार करे का आश्वासन दिया। उन्होंने बैठक में सिख समाज के प्रतिनिधियों को जिला में 30 अप्रैल तक की जा रही स्व गणना में सक्रिय रुप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्व गणना में सभी की सहभागिता जरुरी है। मौके पर डॉ. चारु व डॉ. विवेक ने एचपीवी वैक्सीन के विषय के में भी सिख समाज के प्रतिनिधियों को जानकारी दी। इस अवसर पर जसबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, सुखविन्द्र सिंह,परमजीत सिंह बबू, हरदेव सिंह, बलविन्द्र सिंह वालिया, हरविन्द्र सिंह जुनेजा आदि मौजूद रहे।

## सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को मिला 100 प्रतिशत प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने वर्ष 2026 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया है। यह उपलब्धि संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा उद्योग-उन्मुख दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है, जहां उन्हें तकनीकी एवं प्रबंधकीय पदों पर नियुक्ति प्राप्त हुई है।



रादौर। जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में जानकारी देते मेधावी छात्र।

विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष कर्ण वढेरा ने कहा कि सिविल इंजीनियरिंग विभाग निरंतर विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि नियमित इंडस्ट्रियल विजिट्स प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, स्किल डेवलपमेंट सेशन्स के माध्यम से विद्यार्थियों को एक मजबूत तकनीकी आधार प्रदान किया जाता है। जिसके परिणामस्वरूप यह शत-प्रतिशत प्लेसमेंट संभव हो पाया है।

वहीं संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी चयनित विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की उत्कृष्टता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि भविष्य में भी संस्थान इसी प्रकार नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा और विद्यार्थियों को उज्ज्वल करियर के अवसर प्रदान करता रहेगा। यह सफलता न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय ह, बल्कि भावी विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।




## 74 वर्षों से संस्थान दे रहा बच्चों को बेहतर शिक्षा व अनुशासन : ग्रोवर

**रादौर।** मुकुंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने कहा कि संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अपने शानदार 74 वर्ष पूरे कर 75वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। पिछले 74 वर्षों से विद्यालय बच्चों को बेहतरीन शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में आगे बढ़ा रहा है। आधुनिक शिक्षा पद्धति और नई.नई शैक्षिक तकनीके इसकी प्रगति का आधार स्तंभ है। इस विद्यालय की नींव 1952 में रखी थी। तब से लेकर आज तक पीढ़ी दर पीढ़ी मुकंद संस्था समाज में एक नया आयाम प्राप्त करने की तरफ अग्रसर है। इस अवसर पर आज विद्यालय में एक गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से मुकंद संस्था के गौरवमयी इतिहास व वर्तमान की उपलब्धियां के साथ-साथ उन प्रभावशाली व्यक्तियों का वर्णन किया। जिन्होंने इस संस्था को स्थापित करने के साथ.साथ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने अपने भाषण में सेठ मुकंद लालए सेठ जयप्रकाशए स्वराज देवीए श्यामा देवीए अशोक कुमार जैसे सशक्त व्यक्तित्वों के गुणों को उजागर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने भी यह संकल्प लिया कि वह विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे और समाज में विद्यार्थियों को एक बेहतरीन शिक्षा पद्धति व अनुशासन द्वारा अच्छे नागरिक बनाने में अपना योगदान देंगे।



## सड़क किनारे बरमो को ठीक नहीं करने से लोग हो रहे परेशान

**रादौर।** रादौर के एसके मार्ग पर दोनों तरफ पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़Þक के दोनों ओर बरम छोड़ देने से लोगों को हादसे होने का डर सताने लगा है। कस्बा के नागरिकों ने सरकार से मार्ग के दोनों तरफ छोड़े गए बरमों को ठीक करवाए जाने की मांग की है। कस्बा निवासी सोनू,लवली अरोड़ा, रिंकू, सुखदेव सिंह, दीपक, संदीप सैनी, विशाल, अमित, अमन, मिंटू, श्यामलाल व दीवान चंद आदि ने बताया कि कुछ समय पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कस्बा के एसके रोड की रिपेयर की गई थी। जिसके दोनों तरफ बरमो को ठीक नहीं किया गया और उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया। जिसकी वजह से हर रोज वाहन चालक बरमो में टकराकर गिरकर घायल हो रहे हैं। उन्होंने कई बार पीडब्ल्यूडी व नगरपालिका से बरमो को ठीक किए जाने की मांग की। लेकिन आज तक सड़क के बरमो को ठीक नहीं किया गया। जिससे लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि बरमों के कारण कभी भी किसी जान जा सकती है। आए दिन लोग रात के अंधेरे व दिन के समय भी अचानक बरमो में टकराकर घायल हो रहे हैं। उन्होंने सरकार जल्द से जल्द सड़क के दोनो ओर के बरमो को ठीक करवाए जाने की मांग की।

## 2 मई को मनेगी देवर्षि नारद की जयंती

**रादौर।** कस्बा रादौर में 2 मई को पृथ्वी के प्रथम पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती मनाई जा रही है। जानकारी देते हुए प्रेस क्लब रादौर के संरक्षक विनोद खुराना ने बताया कि नारद जयंती को देवर्षि नारद मुनि के जन्मदिवस की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। वैदिक पुराणों तथा कथाओं के अनुसार, देवर्षि नारद एक सार्वभौमिक देवदूत व देवताओं के लिये समस्त प्रकार की जानकारी के प्राथमिक स्रोत हैं। नारद मुनि किसी भी समय स्वर्गलोक, पृथ्वीलोक तथा पाताललोक का भ्रमण कर सकते हैं। देवर्षि नारद पृथ्वी के प्रथम पत्रकार हैं। नारद मुनि समस्त प्रकार की सूचनाओं का सञ्चार करने हेतु ब्रह्मांड में भ्रमण करते रहते हैं। हालाँकि अधिकांश समय पर उनकी सूचना वाद-विवाद को जन्म देती है, किन्तु यह वाद-विवाद ब्रह्माण्ड के हित के लिये होता है। नारद जयन्ती बुद्ध पूर्णिमा के अगले दिन आती है।

## तालाबों को कब्जा मुक्त कर किया जाएगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी(यमुनानगर जगाधरी) के तालाबों को कब्जा मुक्त कर सौंदर्यीकरण करने और उनके संरक्षण को लेकर निगम कार्यालय में पार्षदों व अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने पार्षदों से उनके वार्डों में तालाबों व निगम की जमीनों पर हुए अवैध कब्जों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि ट्विन सिटी के तालाबों को संरक्षित करना नगर निगम की प्राथमिकता है । इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पार्षदों से उनके अपने वार्डों में स्थित तालाबों की स्थिति, उन पर हुए कब्जे और आसपास की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन तालाबों पर अवैध कब्जे हैं। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हटवाया जाए और संबंधित स्थानों का निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि तालाबों को कब्जा मुक्त कर उनका संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा । ताकि वे पर्यावरण संरक्षण के साथ शहर की सुंदरता बढ़ाने में भी सहायक बन सकें। बैठक में तालाबों के पानी को स्वच्छ बनाए रखने को लेकर भी चर्चा हुई। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने तालाबों में पानी शुद्ध करने वाले प्लांट लगाने की संभावनाओं पर काम करने के निर्देश दिए। इससे तालाबों के जलस्तर और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा।



यमुनानगर। बैठक में तालाबों से कब्जे हटाने को लेकर निर्देश देते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद।

### खाली जमीनों की होगी निशानदेही

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम की खाली पड़ी जमीनों की निशानदेही कराकर अवैध कब्जे हटवाएं। मौके पर बैठक में पार्षदों ने अपने अपने वार्डों की समस्याएं और सुझाव बैठक में रखे। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार,कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, विनोद बेनीवाल, सहायक नगर योजनाकार दर्शन लाल, सहायक अभियंता मृणाल जेयसवाल, सुरेंद्र दहिया, राजेश शर्मा, पार्षद रीना रस्तोगी व अरुण कुमार मौजूद रहे।

## भाव से पुकारने पर भक्त के पास पहुंच जाते हैं भगवान : भारती

**साध्वी ने कथा के दूसरे दिन प्रभु श्री कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। श्रीमद्भागवत कथा में प्रभु की महिमा का श्रवण करते श्रद्धालु।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में शहर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने श्री कृष्ण की लीलाओं की महिमा का वर्णन किया। इस दौरान कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने प्रभु की महिमा का गुणगान कर सभी को भावविभोर कर दिया।

कथाव्यास साध्वी कालिंदी भारती ने फरमाया कि भगवान भाव के भूखे हैं। जो भी उनको भाव से पुकारता है तो वह पहुंच जाते हैं। समाज के कुछ प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि भगवान होते हुए भी श्री कृष्ण ने प्रलयकारी महाभारत के युद्ध को क्यों नहीं रोका । उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने महाभारत के प्रलयकारी युद्ध को रोकने का हरसंभव प्रयत्न किया। युद्ध से पूर्व वह शांतिदूत बनकर गए। दुर्योधन जैसे दुराचारी को भी विनम्रतापूर्वक समझाया। आधे राज्य की जगह मात्र पांच गांवों में समझौता करने तक को तैयार हो गए। तब भी भगवान ने उसे भय दिखाया। धनहानि, जनहानि, यहां तक की सर्वनाश की खरी चेतावनी भी दे डाली। तब भी वह नहीं माना। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने विराट रूप दिखाया और शाम दाम दंड भेद सभी नीतियां अपनाकर युद्ध रुकवाने का प्रयास किया। यह सब युद्ध रोकने के प्रयास ही तो थे। अब परमात्मा अपनी दिव्य शक्ति के द्वारा किसी की कर्म करने की स्वतंत्रता को छीनता नहीं है। उसने हर निर्णय लेने व कर्म करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी है। वह तो केवल सही राह ही दिखाता है। इसलिए श्री कृष्ण ने महाभारत युद्ध को रोकने के लिए सब कुछ किया। लेकिन मद में अंधा दुर्योधन कोई भी बात नहीं माना। जिसके बाद भगवान श्री कृष्ण के पास केवल एक ही विकल्प बचा और वह था कौरवों का संहार।

## श्री हजूर साहिब की निःशुल्क यात्रा के लिए करवाएं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। इस यात्रा के लिए वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उन्होंने पात्र जिलेवासियों से योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 30 अप्रैल तक पंजीकरण करवाए जाने के लिए आहवान किया। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि पात्र व्यक्ति अपने नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।



उपायुक्त प्रीति

**निर्देश** | उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई खनिज प्रतिष्ठान(डीएमएफ) की जिलास्तरीय बैठक

# माइनिंग विभाग से मिले फंड से बनाएं ब्रिज-रोड

- समय पर खर्च नहीं हुई रकम तो ब्याज सहित करनी होगी वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को माइनिंग विभाग द्वारा जारी फंड को माइनिंग क्षेत्रों में पांच किलोमीटर के दायरे में पड़ने वाले गांवों में कल्याण की गतिविधियों को कार्यान्वित किए जाने के निर्देश दिए। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भी मौजूद रहे।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) की जिलास्तरीय बैठक में दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि यह राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, स्वच्छता व अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों पर खर्च की जाती है। ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सीधे लाभ मिल सके। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि माइनिंग विभाग द्वारा जारी किए गए फंड ब्रिज अथवा रोड के लिए विकास कार्यों में खर्च करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस फंड से माइनिंग क्षेत्र में रास्तों को पक्का करना, श्मशान घाट की मुरम्मत करना,यमुना के तटबंधों को मजबूत करना, चारदीवारी व हेड पम्प आदि है। यदि संबंधित विभाग इस फंड का प्रयोग समय पर नहीं करता तो ब्याज सहित फंड की राशि संबंधित विभाग को वापिस करनी होगी। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि इस राशि का सही विकास कार्यों में ही प्रयोग होना चाहिए और यदि किसी अधिकारी ने इस फंड के पैसे का दुरुपयोग किया तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मिनरल फाउंडेशन द्वारा जारी फंड के कार्यों की करें जांच

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला मिनरल फाउंडेशन द्वारा माइनिंग क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी स्वास्थ्य विभाग को भी फंड जारी किया जाता है। ताकि संबंधित क्षेत्र में जनता को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार शिक्षा विभाग को स्कूलों की छतों की मुरम्मत आदि कार्य करवाएं। उन्होंने 13 स्कूलों के लिए आवंटित फंड की राशि की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिन.जिन विभागों ने जिला मिनरल फाउंडेशन से जारी फंड से कार्य करवाए हैं उन कार्यों की जांच करवाई जाए। मौके पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि संबंधित विभाग मॉनिटरिंग करें और जिला मिनरल फाउंडेशन फंड के उपयोग में पारदर्शिता व गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, जिला खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार, कार्यकारी अभियंता पीडब्लयूडी पुनीत मित्तल व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. विपिन गोंदवाल आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### मोटापा रोग निवारण शिविर लगाया

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान के केंद्रीय कार्यालय रोहिणी, दिल्ली के निदेर्शानुसार संस्थान द्वारा इस वर्ष विशेषकर अप्रैल से जून तक पूरे भारतवर्ष में सभी स्थानों पर मोटापा रोग निवारण शिविर लगाए जाने हैं क्योंकि दूषित खानपान, निष्क्रिय जीवन शैली व स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से यह रोग बड़ी तेजी से पूरे समाज में फैल रहा है । केवल व्यस्कों ही नहीं, युवाओं व बच्चों में भी यह रोग बड़ी तेजी से बढ़ रहा है जो कि समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है । संस्थान के ब्रह्म सरोवर जिला के अंतर्गत एन आई टी के पास कॉलेज कॉलोनी में सेवा सिंह तथा नाहर सिंह के प्रयासों से एक पांच दिवसीय मोटापा रोग निवारण शिविर लगाया गया जिसमें 25 महिलाओं ने भाग लिया।

### आज स्व-गणना का अंतिम दिन : एडीसी

थानेसर। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने सभी निवासियों से अपील की है कि आज स्व-गणना का अंतिम



दिन है और सभी नागरिकों को इसमें सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी जनगणना पूरी करवाना सुनिश्चित करना चाहिए। पूरे राज्य में जनता की मजबूत भागीदारी तथा जागरूकता को दशार्ता है। विशेष रूप से स्व-गणना को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा गया है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना एक बहुत ही सरल प्रक्रिया है और पोर्टल पर जाकर इसे 5-7 मिनट में पूरा किया जा सकता है।

### भगवान विष्णु ने लिया 8वें सन्तान के रूप में जन्म

**थानेसर।** दयानन्द कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा में कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र की अंधेरी रात में भगवान कृष्ण ने देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया। श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कोठरी प्रकाशमय हो गया। तब तक आकाशवाणी हुई कि विष्णुजी ने कृष्ण जी के अवतार में देवकी के कोख में जन्म लिया है। अनिल शास्त्री ने कहा की भगवान श्री कृष्ण को गोकुल में बाबा नंद के पास छोड़ आएं और उनके घर एक कन्या जन्मी है, उसे कंस को सौंप दें।

### कथा के ज्ञान से इंसान के मन को मिलती शांति : मिश्रा

**कुरुक्षेत्र।** शास्त्री नगर सेवा समिति द्वारा शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में बुधवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रधान पवन गुप्ता, सचिव सुभाष अरोड़ा, उप प्रधान विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल, वीना गुप्ता, अचला अरोड़ा, सरोज गुप्ता, माया रानी, विजय अरोड़ा, सुभाष चंद गुप्ता, वेदप्रकाश जेटली, दर्शना देवी, विमल गर्ग, वीना जेटली, मंजू, रंजना गर्ग सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 7 समस्याओं का मौके पर किया समाधान

# खरींडवा पैक्स भर्ती घोटाले में शामिल अधिकारियों पर एफआईआर के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गांव खरींडवा डीग पैकस लिमिटेड में नियमों को ताक पर रखकर कुछ कर्मचारियों की भर्ती की गई है। इन अनियमितता की रिपोर्ट एसिस्टेंड रजिस्ट्रार कोओपरेटिव सोसायटी ने उल्लेख किया है। इन अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए आरोपी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक को इस पूरे मामले की जांच करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। हरियाणा के खाद्दय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर बुधवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में एजेंडे में रखी गई 13 शिकायतों में से 7 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया और लंबित 6 शिकायतों पर तुरंत जांच करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। राज्य मंत्री ने गांव यारा निवासी अमित कुमार की शिकायत पर सुनवाई की और रजिस्ट्रार सहकारी समिति के एआर का पक्ष जाना। इस हाउस के समक्ष एआर ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि खरींडवा डीग पैक्स लिमिटेड में कुछ कर्मचारियों को गलत तरीके से भर्ती किया गया है। इस मामले के दोनों पक्षों को सुनने के बाद राज्य मंत्री ने आरोपी अधिकारियों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए और पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं। इस जांच की रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आए उसमें रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। राज्य मंत्री राजेश नागर ने विष्णु कॉलोनी निवासी सोम प्रकाश व गगनदीप की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि मकान के कब्जे के मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसडीएम लाडवा, डीएमसी, डीएसपी और दो गैर सरकारी सदस्यों को मिलकर कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी आगामी 7 दिनों में अपनी रिपोर्ट देंगी, ताकि इस रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में समस्याओं का निवारण करते हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर।

### निकासी की समस्या से निजात दिलाकर प्रार्थी को मुआवजा दिलवाए अधिकारी

*राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव बुढा निवासी सुबे सिंह की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी 3 महीने में जोहड़ से संबंधित कार्य को पूरा करवाया जाएगा और प्रार्थी की शिकायत का समाधान करने के लिए नाली बनाकर पानी को रोका जाए, ताकि संपत्ति का नुकसान ना हो सके। इसके साथ ही संपत्ति का नुकसान होने के मामले में मुआवजा दिलवाने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाए।*

### बैंक रिकवरी, प्लॉट विवाद और कॉलोनी समस्याओं के समाधान के भी निर्देश

*राज्यमंत्री ने गांव झिंवरेहड़ी निवासी सोमी, नीलम व मनजीत की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी महिलाओं को रिकवरी के लिए तंग नहीं करेंगे और महिलाओं से पैसा लेकर बैंक में जमा ना करवाने वाली आरोपी महिला से रिकवरी की जाए। इस मामले में पुलिस और बैंक प्रशासन महिलाओं की हर संभव मदद करना सुनिश्चित करेंगे। राज्य मंत्री राजेश नागर ने सेक्टर-2 निवासी सरोज बाला की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि एचएसवीपी और वन विभाग के अधिकारी जल्द ही दुकान के प्लाट में आने वाले पेड़ों को कटवाना सुनिश्चित करेंगे। अगर कानून के अनुसार पेड़ नहीं कटे तो हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण प्रार्थी को दूसरा प्लाट देने का प्रस्ताव मुखालय भेजना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सुशांत सिटी निवासी ईश्वर सिंह द्वारा आरडब्ल्यूए की शिकायतों पर सुनवाई करते हुए कहा कि डीटीपी सुशांत सिटी के अधिकारियों के साथ मिलकर कॉलोनी निवासी की समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। हालांकि आरडब्ल्यूए के प्रधान ईश्वर सिंह की मांग थी कि प्रशासनिक अधिकारी उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इस सुशांत सिटी का लाइसेंस रद्द करना चाहिए था। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने मेहमानों का स्वागत करते हुए हाउस के एजेंडों की शिकायतों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*


**कुरुक्षेत्र।** यूनिवर्सिटी ऑफ केलनिया, श्रीलंका से विज्ञान संकाय की प्रो. सुभाषिणी रत्नायके का स्वागत करते प्रो. महासिंह पूनिया।

### श्रीलंका में फिल्मी गीतों के माध्यम से सीखाते हैं हिन्दी भाषाः डॉ. सुभाषिणी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में केयू जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में इंटरनेशनल लैक्चर एंड इंटरेक्शन द स्कोप ऑफ हिंदी लैंग्वेज एंड जर्नलिज्म इन श्रीलंका विषय पर आयोजित व्याख्यान में यूनिवर्सिटी ऑफ केलनिया, श्रीलंका से विज्ञान संकाय की प्रो. सुभाषिणी रत्नायके ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि श्रीलंका में फिल्मी गीतों के माध्यम से हिन्दी भाषा सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में हिन्दी भाषा का अध्ययन भी कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया और उनकी समस्त टीम का आभार प्रकट किया। प्रो. सुभाषिणी रत्नायके ने कहा कि श्रीलंका सदैव से ही भारत को बड़ा भाई मानता रहा है और उनसे सदैव सीखता रहा है और इसी कडी में द स्कॉप ऑफ हिंदी लैंग्वेज एंड जर्नल्जिम इन श्रीलंका के माध्यम से पुनः एक-दूसरे से व्यापक संवाद का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार 1950 से ही आरंभ हो गया था जिसका परिणाम यह है कि श्रीलंका के कुल 70 विश्वविद्यालयों में से 12 विश्वविद्यालयों में हिंदी के साथ 1500 स्कूलों में से 500 में पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक डॉ. अभिनव, डॉ. रोशनलाल, डॉ. तपेश किरण, अमित जांगड़ा, सचिन वर्मा, गौरव कुमार, रितु, सुनिता, मोनिका दुआ, प्रीति एवं शोद्यार्थी रोहित, रविना, सुनिल कुमार, सचिन कुमार और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में लगाया स्वास्थ्य जागरूकता एवं नेति योग शिविर

**पिहोवा।** अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पतंजलि योग समिति के सहयोग से विशेष नेति योग क्रिया एवं स्वास्थ्य



जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को योग, स्वच्छता, सही खान-पान और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी योग विशेषज्ञ बलविंदर सिंह सुरमी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नेति क्रिया के महत्व एवं उसकी सही विधि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नेति क्रिया एक प्राचीन योगिक प्रक्रिया है, जो नाक की सफाई कर शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है और सर्दी-जुकाम, एलर्जी, साइनस तथा श्वास संबंधी बीमारियों से बचाव में उपयोगी सिद्ध होती है।

# पहले हरित शवदाह गृह का सफल ट्रायल

- अंतिम संस्कार को प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा और पहल पर कुरुक्षेत्र के पहले हरित शवदाह गृह का आज सफल परीक्षण (ट्रायल) किया गया। कुरुक्षेत्र के सैक्टर 5 के वार्ड नंबर 12 में स्थित यह पहल पर्यावरण संरक्षण, लकड़ी की बचत और आधुनिक तकनीक के माध्यम से अंतिम संस्कार को प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। हरित शवदाह गृह के विशेष चैंबर का निर्माण कराने वाले सिरसा के रामजी जयमल ने उपस्थित गणमान्य लोगों को हरित शवदाह गृह की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर अंतिम संस्कार में चार से पांच क्विंटल लकड़ी प्रयोग होती है जबकि हरित शवदाह गृह में मात्र 80 किलो लकड़ी से ही संस्कार संपन्न हो जाता है। यह तकनीक पिछले लगभग 20 वर्षों से हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद तथा पंजाब के कई क्षेत्रों में सफलतापूर्वक अपनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि लोहे से बने रैक पर लकड़ी का रखरखाव, इस प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें सिर और छाती के भाग पर अधिक लकड़ी रखी जाती है तथा शव के ऊपर लगभग 10 किलोग्राम लकड़ी रखी जाती है। इस अवसर पर दरबारा सिंह सैनी पार्षद, दुष्यंत बख्शी पार्षद, महेंद्र पाल मेहता पार्षद प्रतिनिधि, जोगेंद्र सिंह चौहान मंदिर प्रधान, सेक्टर-3, दलसिंह मल्लाह] ऋषि प्रकाश गुप्ता, हुकुमचंद, भरपूर सिंह, मनजीत सिंह, समयपाल सिंह, भूषण मंगला, बलविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# भगवान नरसिंह जयंती आज, मिलेगी अकालमृत्यु के भय से मुक्ति : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जब-जब धरती पर बुराई बढ़ती है, तब-तब भगवान विष्णु किसी न किसी रूप में अवतार लेकर संतुलन बनाते हैं। इन्हीं अवतारों में से एक है नरसिंह अवतार जो उनका चौथा अवतार माना जाता है। इस अवतार का मकसद था अपने परम भक्त प्रह्लाद को बचाना और अत्याचारी राजा हिरण्यकशिपु का अंत करना। खास बात ये थी कि हिरण्यकशिपु को ऐसा वरदान मिला हुआ था कि उसे न इंसान मार सकता था, न जानवर, न देवता— यानी वो खुद को अजेय समझने लगा था। नरसिंह जयंती हर साल वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक ने बताया की पंचांग के अनुसार 2026 में यह तिथि 29 अप्रैल को शाम 7:51 बजे शुरू होगी और 30 अप्रैल को रात 9:12 बजे खत्म होगी।

### नरसिंह जयंती का महत्व

नरसिंह जयंती सिर्फ एक धार्मिक त्योहार नहीं है, बल्कि यह अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक भी है। मान्यता है कि इस दिन भगवान नरसिंह की पूजा करने से जीवन की परेशानियाँ दूर होती हैं, ग्रह दोष शांत होते हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है। जो लोग इस दिन व्रत रखते हैं और विधि-विधान से पूजा करते हैं, उन्हें एकादशी व्रत के समान पुण्य मिलता है और अकाल मृत्यु का भय नहीं रहताऔर अंत में बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है।



### मेमोरियल अवार्ड का कुलपति ने जारी किया पोस्टर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को कुलगुरु कार्यालय में रोहित सरदाना स्मृति व्याख्यान एवं रोहित सरदाना मेमोरियल अवार्ड समारोह के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में रोहित सरदाना की अमिट छाप रही है। उनका नाम एक प्रमुख और प्रभावशाली टीवी एंकर एवं पत्रकार के रूप में लिया जाता है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रोहित सरदाना अपने करियर की शुरूआत रेडियो और छोटे चैनलों से की, लेकिन बाद में वे राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रसिद्ध हुए। उनकी पत्रकारिता में उत्कृष्टता, निर्भीकता, स्पष्टता एवं न्यूज का प्रस्तुतीकरण अत्यधिक प्रभावशाली था। इसलिए भारतीय पत्रकारिता में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है। केयू सीनेट हॉल में 30 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले रोहित सरदाना अवार्ड के तहत प्रशस्ति पत्र, 21 हजार रुपये की राशि एवं अवार्ड भेंट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संगठन कुका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है जिसमें विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।

# कुंटिया का चुनावी शेड्यूल जारी करने की मांग को लेकर कुलसचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शेर ग्रुप से नीलकंठ शर्मा, पूर्व प्रधान कुटिया व राम कुमार गुज्जर, पूर्व प्रधान कुंटिया द्वारा अपने-अपने ग्रुप के सक्रिय सदस्यों को एकत्रित किया गया व कुंटिया कार्यालय में पहुंचकर कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर से मुलाकात की और कुंटिया का चुनावी शेड्यूल प्रशासन द्वारा स्वीकृत नहीं किए जाने विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कुंटिया की आम सभा की बैठक का आयोजन किया जाना था, किन्तु कार्यकारिणी द्वारा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया। पूर्व प्रधान रामकुमार गुज्जर ने आरोप लगाया कि कुंटिया प्रधान जानबूझ कर चुनाव में देरी करवा रहीं है। नीलकंठ शर्मा ने कहा कि कुंटिया का कार्यकाल फरवरी में समाप्त हो चुका है। उधर जब इस बारे कुंटिया प्रधान से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसिव नही किया। दोनों ग्रुप के सभी सदस्यों ने कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर के नेतृत्व में कुलसचिव से मुलाकात की। कुलसचिव ने सभी को आश्वस्त किया कि जल्द ही चुनावी शैडयूल के बारे में निर्णय लिया जाएगा।



उन्होंने संबंधित शाखा को निर्देश जारी किए। इस अवसर पर कुंटिया के पूर्व प्रधान नीलकंठ शर्मा, रामकुमार गुज्जर, प्रैस सचिव जगदीप सिंह, पूर्व महासचिव यशपाल सैनी, पूर्व सह-सचिव रूपेश खन्ना, पूर्व प्रैस-सचिव अमित भुक्कल, पूर्व कैशियर अर्जुन सिंह, पूर्व उप-प्रधान नरेश नरसी, सूरज, राजबीर मलिक, संदीप हुड्डा, रामकुमार बहोत, सुरेन्द्र मलिक, उमेश शर्मा, गुरबाज सिंह, जोगीराम धीमान, श्रीभगवान, नरेश चौधरी, नरेश मग्गू, विकास पातलान, बलराज, अशोक शर्मा, प्रदीप राणा, सोमनाथ आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### श्रीगुरु नानक दरबार में भेंट किया वाटर कूलर

शाहबाद। रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सेवा भावना के अंतर्गत एक वाटर कूलर स्थापित किया गया। इस पुनीत कार्य को प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन सी. पी. गुप्ता ने अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती बिमला देवी जी पत्नी स्वर्गीय श्री लाला माम चंद गुप्ता जी की पावन स्मृति में समर्पित करते हुए स्पॉन्सर किया। कार्यक्रम की शुरूआत ज्ञानी साहब सिंह जी द्वारा अरदास के साथ की गई, जिसके उपरांत रोटेरियन सी. पी. गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश गुप्ता ने रिबन काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि रोटरी क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहा है और यह प्रोजेक्ट जनहित में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल की व्यवस्था करना एक बड़ा पुण्य कार्य है, जिससे संगत एवं आमजन को राहत मिलेगी।

### जरूरतमंद बेटी की शादी में मदद कर रोटरी क्लब पिहोवा ने पेश की मानवता की मिसाल

**पिहोवा।** मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी रोटरी क्लब पिहोवा ने एक बार फिर मानवता की सच्ची मिसाल पेश करते हुए गांव मलिकपुर में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आवश्यक घरेलू सामान देकर आर्थिक सहायता प्रदान की। रोटरी क्लब पिहोवा के प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने जानकारी देते हुए



बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव मलिकपुर में एक अत्यंत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी की शादी होने वाली है, लेकिन परिवार के पास बेटी की शादी में देने के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध नहीं था। इस सूचना के बाद क्लब के सदस्यों ने आपसी चर्चा कर परिवार की सहायता करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि इस सेवा कार्य में यूके से क्लब के साथी करनैल सिंह का विशेष योगदान रहा। वहीं क्लब के सदस्य एवं प्रोजेक्ट मैनेजर करण चावला ने बताया कि प्रारंभ में क्लब द्वारा बेटी को केवल अलमारी देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन जब सदस्य मौके पर पहुंचे और परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति तथा कच्चे मकान को देखा, तो उन्होंने बेटी की शादी के लिए पूरा आवश्यक सामान उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया।

## धर्म-कर्म | भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा से आती है सुख-समृद्धि

यह पूर्णिमा भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण का स्मरण

# बुद्ध पूर्णिमा साधना और दान पुण्य के लिए विशेष मंगलकारः आचार्य मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली (कुरुक्षेत्र) के पीठाधीश वास्तु व ज्योतिष आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि वैशाख मास की पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी दिन उन्हें बोधिगया में तपस्या के आधार पर आत्म ज्ञान प्राप्त हुआ था। इस बार बुद्ध पूर्णिमा 1 मई 2026 शुक्रवार को स्वाति नक्षत्र और तुला राशि के चन्द्रमा और सिद्ध योग में है। महात्मा बुद्ध भगवान विष्णु का नौवां अवतार हैं। इस दिन भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर में सुख समृद्धि और आरोग्यता का वास होता है।

### बुद्ध पूर्णिमा का महत्व



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार माना गया है। इस दिन लोग व्रत-उपवास करते हैं। बौद्ध धर्म के लोग इस दिन को उत्सव के रूप में मनाते हैं। उनके धार्मिक स्थलों पर सभी लोग एकत्र होकर सामूहिक उपासना करते हैं और दान देते हैं। बौद्ध और हिंदू धर्म के लोग बुद्ध पूर्णिमा को बहुत श्रद्धा के साथ मनाते हैं। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व बुद्ध के आदर्शों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह पर्व सभी को शांति का संदेश देता है। बौद्ध धर्म के अनुयायी इस दिन बोधगया जाकर पूजा पाठ करते हैं। लोग बोधि वृक्ष की पूजा करते हैं। बोधि वृक्ष पीपल का पेड़ होता है और इस दिन उनकी पूजा करने का विशेष धार्मिक महत्व माना गया है। वृक्ष पर दूध और इत्र मिला हुआ जल चढ़ाया जाता है। सरसों के तेल का दीपक पीपल के पेड़ पर जलाया जाता है।पूर्णिमा पर पवित्र तीर्थ , गंगा स्नान, दीपदान, पूजा, आरती, यज्ञ और दान करने का विशेष महत्व है।

### इस बुद्ध पूर्णिमा ये शुभ कार्य करने चाहिए

भगवान विष्णु के लिए सत्यनारायण भगवान की कथा करनी चाहिए। यज्ञ के उपरान्त ब्राह्मणों को भोजन खिलाएं। वस्त्र,फल आदि के साथ दक्षिणा अवश्य दे। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। स्नान के बाद दीपदान, पूजा, आरती और दान किया जाता है। गरीबों को फल, अनाज, दाल, चावल, गर्म वस्त्र आदि चीजों का दान करना चाहिए। पूर्णिमा पर सुबह जल्दी उठना चाहिए। पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान करें। स्नान करते समय सभी तीर्थों का ध्यान करना चाहिए। स्नान करने के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। इस पूर्णिमा पर आत्म कल्याण हेतु आप परिवार सहित ध्यान, साधना, मंत्र, यज्ञ, जाप आदि अवश्य करें।

### नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी

**कुरुक्षेत्र।** विद्यालय में नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के स्वागत हेतु हर्षोल्लास के साथ फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के स्वागत के साथ हुई, विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे बच्चों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना तथा उनकी कक्षा के पहले सेलिब्रेशन को आनंदमय और यादगार बनाना था। नन्हे विद्यार्थियों ने आकर्षक कैजुअल ड्रेस में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नो बैग डे की विशेष व्यवस्था के कारण बच्चों ने बिना किसी बोझ के पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए मनोरंजक खेल, नृत्य एवं विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने पूरे जोश और खुशी के साथ भाग लिया।विद्यालय द्वारा बच्चों को हल्के नाश्ते की व्यवस्था भी करवाई गई। बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।

**पासकर्ता ग्राम पंचायत बीड़-सौन्टी**
खण्ड लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) मो. 9996243090

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.05.2026 को प्रातः 10.00 बजे गांव बीड़ सौन्टी में गुरूद्वारा साहिब में एस.सी. (SC) चौपाल व बी.सी. (BC) चौपाल में कण्डम बिल्डिंग की खुली बोली आयोजित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति बोली में भाग ले सकते हैं, बोलीदाता को रु. 20,000/- बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। बोली से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

हस्ता/- सरपंच, ग्राम पंचायत बीड़-सौन्टी,
खण्ड लाडवा (कुरूक्षेत्र) मो. 9996243090

## खबर संक्षेप

### यूएचबीवीएन ऑप्रेशन में आज लगेगी बिजली अदालत

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता यूएचबीवीएन ऑप्रेशन में 30 अप्रैल 2026 को कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। कोई भी उपभोक्ता बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है।

### जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक

**जींद।** जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में एडीसी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में पेयजल आपूर्ति एवं सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला में जल आपूर्ति योजनाओं के नियमित संचालनए समय-समय पर रखरखाव तथा खराब उपकरणों की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से विकसित होने वाली तकनीक

**अलेवा।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में आंतरिक गुणवता प्रकोष्ठ द्वारा मेधा लर्निंग फ ाऊडेशन उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के साथ एमओयू के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया है। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य मुनीष कुमार ने की। इसमें मुख्य तौर पर मेधा लर्निंग फ ाऊडेशन के मैनेजर रजत कुमार ने हिस्सा लिया। रजत कुमार ने विद्यार्थियों को एआई के आधारभूत सिद्धांतो के अलावा एआइ टूल्स के बारे में विस्तार से व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की महत्वपूर्ण व तेजी से विकसित होने वाली तकनीक है।

### दो युवतियां व एक महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला तथा दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छात्तर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं कौशिक नगर से भी 28 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### बिजली कर्मचारियों का धरना 23वें दिन जारी

**उचाना।** एसडीओ समेत तीन के तबादलों को रद्द किए जाने की मांग को लेकर बिजली निगम कार्यालय प्रांगण में कर्मचारियों का धरना जारी है। धरने के 23वें शासन, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। अध्यक्षता सुभाष शर्मा ने की वक्ताओं ने कहा कि 23 दिनों से लगातार धरना जारी है लेकिन उनकी मांगों को अनसुना कर रहा है। 28 अप्रैल से कैश काउंटर बंद है। यहां पर किसी तरह का बिल जमा नहीं हो रहा है। अब 1 मई को बड़ा फैसला धरना स्थल पर लेंगे। जो तबादले बिजली निगम से हुए है वो राजनीति दबाव के चलते किए गए है।

## नगर निकाय चुनाव पर भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# महिलाओं को पिंक टॉयलेट कृषि भूमि को टैक्स में राहत

निगम में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हाउस टैक्स प्रणाली को सरल बनाया जाएगा व 20 वर्ष से अधिक रह रहे परिवारों को मिलेगा मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा की ओर से अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। चुनावी जीत के लिए भाजपा की ओर से संकल्प पत्र में 20 वर्षों से अधिक समय से रह रहे परिवारों को भूमि व मकान का वैध मालिकाना हक देकर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने का ऐलान किया है। साथ ही नगर निगम में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हाउस टैक्स प्रणाली को सरल बनाया जाएगा और कृषि उपयोग वाले परिसरों को कर में विशेष राहत दी जाएगी। 'समर्पित सेवा-सशक्त सुशासन' के ध्येय के साथ पार्टी ने शहर के सर्वांगीण विकास, महिला सुरक्षा और आधुनिक बुनियादी सुविधाओं को अपनी प्राथमिकता बताया है।



अंबाला। सकंल्प पत्र जारी करते मुख्यमंत्री सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### झुग्गीवासियों के लिए विशेष घोषणाएं

जारी संकल्प पत्र में भाजपा ने वायदा किया है कि सभी निकायों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे, जिनमें सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और शिशु आहार कक्ष जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा, महिलाओं के नाम पर रजिस्टर्ड मकानों पर 25% हाउस टैक्स छूट देने का भी संकल्प लिया गया है। झुग्गी बस्तियों के पुनर्वास के लिए गठित विकास बोर्ड को सशक्त कर आवास और बुनियादी सुविधाएं मिशन मोड में प्रदान की जाएंगी। संकल्प पत्र के अनुसार, 20 वर्षों से अधिक समय से रह रहे परिवारों को भूमि व मकान का वैध मालिकाना हक देकर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हाउस टैक्स प्रणाली को सरल बनाया जाएगा और कृषि उपयोग वाले परिसरों को कर में विशेष राहत दी जाएगी। साथ ही, पानी और सीवरेज के नए कनेक्शनों पर शुल्क माफी की घोषणा भी की गई है।

### 11 गांवों में सीवरेज नेटवर्क का होगा विस्तार

11 गांवों में सीवरेज नेटवर्क का विस्तार और लगभग 170 करोड़ की लागत से नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। सेक्टर-24 में 40 करोड़ की लागत से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनेगा। सभी गांवों में शहरों की तर्ज पर सुविधाएं दी जाएंगी।

### सेक्टर 10 में 60 करोड़ से बनेगा सभागार

अंबाला शहर के सेक्टर-10 में 60 करोड़ की लागत से 500 सीटों वाला अत्याधुनिक सभागार और सेक्टर-23 में 10 करोड़ की लागत से नया फायर स्टेशन बनाया जाएगा। कूड़े से बिजली बनाने के लिए संयंत्र स्थापित किया जाएगा। सफाई कर्मचारियों व मशीनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सेक्टर-23 और 25 में 10 करोड़ की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा ताकि जलभराव से मुक्ति मिल सके। शहर की सुरक्षा के लिए प्रमुख बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सीसीटीवी नेटवर्क और एक इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा । स्ट्रीट लाइट व्यवस्था का विस्तार किया जाएगा, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है । इसके अलावा, प्रॉपर्टी टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और बिल्डिंग प्लान जैसी नागरिक सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा । इसके अलावा शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई दूसरी योजनाओं पर भी काम करने की बात कही जा रही है।

# सिख परिवारों सहित इनेलो के पूर्व प्रवक्ता तेजपाल सिंह भाजपा में शामिल

- निगम चुनाव में 20 पार्षद व एक मेयर बीजेपी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर निगम चुनाव के बीच अंबाला में भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को अंबाला शहर के वार्ड 16 से बड़ी संख्या में सिख समाज के लोगो और इनेलो के पूर्व प्रवक्ता तेजपाल सिंह ने अपने साथियों सहित पूर्व मंत्री असीम गोयल के नेतृत्व में भाजपा का दामन थाम लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि भाजपा को लगातार मिल रहा जनसमर्थन यह दर्शाता है कि जनता विकास और स्थिर नेतृत्व के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा किया कि इस बार पार्टी का लक्ष्य अंबाला में "21 कमल खिलाने" का है, जिसमें 20 पार्षद और एक मेयर शामिल होगा।

शाहबाद से भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने भी पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र हो, विकास कार्य केवल भाजपा सरकार ही प्रभावी ढंग से करवा सकती है। अंबाला शहर में विकास कार्यों को लेकर भी भाजपा नेताओं ने दावा किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से क्षेत्र में तेज गति से काम हो रहे हैं, जिसका असर अब चुनावी माहौल में भी साफ दिखाई दे रहा है। भाजपा में शामिल हुए लोगों का कहना है कि वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और असीम गोयल की कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं। बता दें कि उज्जवल खुराना, सचिन मेंदीरत्ता,गुरनीत नागपाल, गुरमीत मदान,सोनू मेहंदीरत्ता, करण गुलियानी,अर्श नागपाल,लवली अंटाल,विक्की थरेजा,सुभाष मेहंदीरत्ता (भाशी), बलविंदर मेंदीरत्ता (बल्ला), सुरिंदर मेहंदीरत्ता (शशि),तेजपाल सिंह नागपाल, बलविंदर सिंह नागपाल,जोगिंदर सिंह नागपाल,राजिंदर नंदा,जलविंद्र कालड़ा (पप्पल), रणजीत बवेजा, सुखविंदर नागपाल व अन्य बीजेपी में शामिल हुए।



आंबाला। भाजपा में शामिल होते हुए सिख समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

## अवैध खनन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी अवैध खनन की सलिप्ता में कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ तुरन्त नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त अपने कार्यालय में अवैध खनन से संबंधित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से निरीक्षण करें और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखें। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि खनन से जुड़े सभी नियमों और कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया, ताकि किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।बैठक में मौजूद एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, आरटीए सुशील कुमार, डीएसपी सुरज चावला और जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार ने भी अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे आम जनता को भी जागरूक करें, ताकि लोग अवैध खनन की जानकारी प्रशासन तक पहुंचा सकें। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, आरटीए सुशील कुमार, डीएसपी सुरज चावला, जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार भी मौजूद रहे।

# गेहूं उठान में छात्तर सब यार्ड आगे

- उचाना मंडी में उठान की रफ्तार सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना



गेहूं के उठान के मामले में छात्तर सब यार्ड आगे है। उचाना मंडी में उठान की रफ्तार सबसे कम है। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार 1281057 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। 1244751 क्विंटल की अब तक खरीद हो चुकी है। उठान अब तक 39 प्रतिशत हुआ है। उठान के मामले में छात्तर सब यार्ड सबसे आगे है। छात्तर सब यार्ड में खादय आपूर्ति विभाग एवं हैफेड ने गेहूं की खरीद की है। यहां पर दोनों एजेंसियों ने मिलकर अब तक 159251 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। अब तक 72 प्रतिशत के करीब का उठान यहां हो चुका है। उचाना मंडी में एचडब्ल्यूसी, हैफेड द्वारा गेहूं की खरीद की है। दोनों एजेंसियों ने 872471 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। उठान 30 प्रतिशत ही हो पाया है। ऐसे ही घोघडिया में 41, काब्रच्छा में 71, धनखड़ी में 60 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि उचाना मंडी को छोड़ कर गेहूं का उठान सब यार्ड, परचेज सेंटरों पर तेजी से हो रहा है। मंडी में भी उठान की रफ्तार तेज हो इसको लेकर एसडीएम की अगुवाई में खरीद एजेंसियों की मीटिंग हुई थी।

### रात्रि गश्त व नाका बंदी को और अधिक प्रभावी बनाने की कवायद

**जींद।** जिला जींद में अपराध नियंत्रण में रात्रि गश्त व नाकाबंदी को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में नाइट पेट्रोलिंग (रात्रि गश्त) व नाकाबंदी विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला जींद के विभिन्न थानों से आए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान एएसआई मनोज कुमार ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को नाइट पेट्रोलिंग के दौरान अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली तथा गश्त के दौरान प्रभावी निगरानी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुदृढ़ रात्रि गश्त अपराधों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# उचाना के बाजार, कालोनियों में लगे जगह-जगह कूड़े के ढेर, लोग परेशान

- नगर पालिका के पास कूड़ा-कर्कट डालने को जमीन न होने से दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना



नपा के पास कूड़ा-कर्कट डालने के लिए जगह न होने के चलते आमजन की परेशानी बढ़ रही है। बाजारों, गलियों, सड़क किनारे जगह-जगह कूड़े के ढेर देख जा सकते है। कई कालोनियों में तो कूड़ा-कर्कट के ढेर में आग लगाई जा रही है। नपा खेड़ी मंसानिया रोड पर उचाना कलां के पास कूड़ा-कर्कट डालती थी। यहां पर मोहल्ले के लोगों द्वारा इसका विरोध करने पर कूड़ा डालना बंद कर दिया। ऐसे ही उचाना खुर्द रोड पर गोदाम के पास कूड़ा-कर्कट डालने के लिए जगह नपा ने ली थी लेकिन वहां पर भी किसानों के विरोध के कारण कूड़ा-कर्कट डालना बंद करना पड़ा। अब कूड़ा-कर्कट डालने के लिए जगह नहीं होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर साफ नजर आ रहे है। दीपक, मनोज, प्रमोद, राहुल ने कहा कि कई दिनों से कूड़ा-कर्कट को लेकर परेशानी हो रही है। पहले कूड़ा-कर्कट को घर-घर, दुकान-दुकान पर जाकर रेहड़ी, ट्रैक्टर-ट्राली लेकर नपा कर्मचारी आते थे। अब कूड़ा-कर्कट लेने के लिए कोई नहीं आ रहा है। ऐसे में जगह-जगह कूड़ा-कर्कट के ढेर लगने लगे है। ऐसे में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है तो तेज हवा चलने से जो कूडा-कर्कट होता है वो दुकानों, घरों में हवा के साथ आ रहा है। कई जगह पर तो आग तक कूड़े के ढेर में लगाई जा रही है। नपा उचाना सचिव अशोक कुमार डांगी ने बताया कि जो डंम्पिग प्वाइंट है वहां कूड़ा-कर्कट डालने का विरोध किया गया।

### अंतर सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह हाउस ने मारी बाजी



**अंबाला।** सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में अंतर-सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में रानी लक्ष्मी बाई हाउस, शहीद भगत सिंह हाउस, शहीद उधम सिंह हाउस और सुभाष चंद्र बोस हाउस के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह हाउस की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस टीम के खिलाड़ियों ने टीम भावना और उत्कृष्ट समन्वय के साथ सभी मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थियों ने तालियों और नारों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के खेल प्रभारी ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। प्राचार्य महोदय ने सभी प्रतिभागियों के खेल कौशल की सराहना की और शहीद भगत सिंह हाउस को जीत की शुभकामनाएं दीं।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजवाना खातून ने मारी बाजी, पल्लवी को मिला दूसरा स्थान



**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस गतिविधि का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह के मार्गदर्शन में डॉ. प्राची मान और प्रो. सुमन आर्या के प्रयासों द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता का विषय "समाज में खेलों की भूमिका" रहा। लगभग 30 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में खेलों के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। निर्णायकों द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के उपरांत परिणाम इस प्रकार घोषित किए गए जिसमें छात्रा राजवाना खातून प्रथम स्थान,पल्लवी ने द्वितीय स्थान व तानिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# प्रत्याशियों को रखना होगा चुनाव खर्चों का दैनिक लेखा जोखा : सुरेंद्र

- मेयर पद प्रत्याशियों के लिए अधिकतम 30 लाख की सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

निगम चुनाव के दृष्टिगत पंचायत भवन के सभागार में आबकारी एवं काराधान विभाग के डीईटीसी सेल एवं नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने प्रत्याशियों के साथ मीटिंग की। उन्हें चुनाव खर्चों से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव आयोग की जो हिदायतों उसकी अनुपालना सुनिश्चित करनी हैं। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत मेयर पद के लिए प्रत्याशी अधिकतम 30 लाख रूपए की तथा सदस्य पद के लिए प्रत्याशी अधिकतम 7 लाख 50 हजार रूपए की राशि खर्च कर सकता हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि से लेकर परिणाम घोषित होने तक प्रत्याशियों को चुनाव खर्चों का दैनिक लेखा जोखा रखना होगा। सभी को खर्च से संबंधित रजिस्टर मेनटेन करना होगा। प्रत्याशी को 1 मई, 4 मई व 7 मई को प्रातः 11 बजे से लेकर 3 बजे तक पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में आकर अपना व्यय खाता चेक करवाना है।




अंबाला। अधिकारियों को निर्देश देते नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### चोरी के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवालिक कॉलोनी कालाअंब स्थित घर से लैपटॉप, चांदी कड़ा व मोबाइल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया। शिकायतकर्ता धर्मेंद्र ने 14 फरवरी 2026 को दी शिकायत में बताया था कि 11 फरवरी 2026 को अज्ञात आरोपी ने उसके घर का ताला तोड़कर लैपटॉप, चांदी का कड़ा व मोबाइल चोरी किए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बलजीत उर्फ गोलू व रिहान के रूप में हुई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## निगम चुनाव में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए हुई रिहर्सल

# डेमो के माध्यम से ईवीएम मशीन पर दी जानकारी : एसडीएम

अधिकारी चुनाव व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। केन्द्रों पर उन्हें ही करवाना होता असली मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत लगाए गए पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए पीकेआर जैन स्कूल के सभागार में रिहर्सल आयोजित की गई। इस मौके पर एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार व एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल ने प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को निगम चुनाव के दृष्टिगत किए जाने वाले चुनाव संबधी कार्यो के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा रिहर्सल के दौरान अधिकारियों ने चुनाव संबंधी कुछ प्रश्न भी रिटर्निंग अधिकारी व मास्टर ट्रेनर से पूछे जिसका उन्होंने उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं को दूर किया। रिहर्सल के दौरान चुनाव से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को डेमो के माध्यम से ईवीएम मशीन की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। एसडीएम ने इस मौके पर कहा कि पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी चुनाव व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। मतदान केन्द्रों पर असली मतदान उन्हें ही करवाना होता है। ऐसे में वे सभी कार्य पूर्ण सतर्कता के साथ करें। उन्होंने इस मौके निगम चुनाव से जुड़ी तमाम प्रक्रिया के बारे में उपस्थित सभी अधिकारियों को अवगत करवाया। उन्होंने इस मौके पर चुनाव संबंधी सभी फार्मों बारे, चुनाव की तमाम प्रक्रिया व ईवीएम मशीन को ऑपरेट करने के साथ-साथ इस विषय से जुड़ी सभी जानकारियां दी। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव को हमें शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से करवाना है। पहले भी सम्बन्धित कर्मचारियों द्वारा लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को करवाया था। उसी की तरह हमें नगर निगम चुनाव को भी करवाना है। उन्होंने रिहर्सल के दौरान चुनाव संबंधी पूछे गये प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इस मौके पर मास्टर ट्रेनरों ने भी पीठासीन अधिकारियों को चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया के बारे मे जानकारी दी।



अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते एसडीएम दर्शन कुमार।

### लोकतंत्र में मतदान का अत्यधिक महत्व

नगर निगम चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर सभी पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव से जुड़ी हर प्रक्रिया बारे विस्तार से बताया। ईवीएम मशीन के साथ-साथ मॉकपॉल की प्रक्रिया के बारे भी जानकारी दी गई। साथ ही जिन दस्तावेजों को चुनाव के समय भरना होता है उन्हें भी सैंपल के माध्यम से भरकर दिखाया गया ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। एसडीएम ने इस मौके पर यह भी कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अत्याधिक महत्व होता है। इसलिए हमें निगम चुनावों में पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी से निष्पक्ष तरीके से शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाना है।